# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर बीस नवम्बर को हुए उपचुनाव की मतगणना अबसे थोड़ी देर में होगी शुरू, ग्यारह महिलाओं समेत नब्बे उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल शाम हुई कैबिनेट की बैठक में लिये गये कई अहम निर्णय, महाकुंभ के प्रचार प्रसार के लिए देश विदेश में होंगे रोड शो।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के जरिये देश विदेश के श्रोताओं से साझा करेंगे अपने विचार।
- आज मनाया जा रहा है पुलिस झंडा दिवस, मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों को दी बधाई।

**********

प्रदेश में आज अबसे थोड़ी देर बाद कड़ी सुरक्षा के बीच नौ विधानसभा सीटों के उपचुनाव की मतगणना होगी। बीस नवंबर को राज्य की कटेहरी, करहल, मीरापुर, कुंदरकी, फूलपुर, सीसामऊ, गाजियाबाद, मझवां और खैर विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ था। इससे संबंधित ग्यारह महिला समेत नब्बे उम्मीदवारों के राजनैतिक भाग्य का फैसला आज हो जाएगा। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मतगणना केंद्रों पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने बताया है कि कानपुर जिले की सीसामऊ सीट के लिए लगभग बीस राउंड में मतगणना होगी। वहां मतगणना के सभी इंतजाम किये गये हैं। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***सीसामऊ विधान सभा सीट के लिए उपचुनाव में आज नवीन गल्ला मंडी परिसर में मतगणना की जानी है। सीसामऊ उपचुनाव में कुल 1.33 लाख वोट पड़े है। निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना के लिए ईवीएम में वोटो की गिनती सीसी कैमरों की निगरानी में आज सुबह आठ बजे से शुरू होनी है। मतगणना के लिए प्रत्येक टेबल पर एक माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की गई है। दो दो टेबल स्कैनिंग यानी सेवा मतदाताओं और पोस्टल बैलेट के लिए लगाए गए है जबकि 14 टेबल पर वोटो की गिनती की जानी है। वही 20 चक्रों में वोटो को गिनती पूरी हो जायेगी।***

मतगणना से संबंधित रूझान और परिणाम निर्वाचन आयोग की वेबसाइट रेजल्ट्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पर देखे सकते हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल हुई कैबिनेट बैठक में चौबीस में से तेईस प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंत्रिपरिषद की बैठक में महाकुंभ के प्रचार प्रसार के लिये देश–विदेश में रोड–शो करने के प्रस्ताव को पारित कर दिया गया। नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने बताया कि इन रोड शो पर करीब अड़तालिस करोड़ का खर्च आएगा।

***माननीय मुख्यमंत्री जी की इच्छा थी कि अपनी पुरातन संस्कृति के इस भव्य विरासत का प्रचार प्रसार भारत के अनेक शहरों में और भारत के बाहर भी अनेक देशों में, जो विशेष रूप से हमारी संस्कृति से जो लोग संबंध हैं, कुछ ऐसे देश हैं जो हमारे बहुत सारी बातों को स्वयं मानते भी हैं, उनका पालन भी करते हैं तो ऐसे देशों में रोड शो किया जाए। साथ ही विदेश में इंडोनेशिया, मैरीशियस जैसे देश और अन्य भी अगर सूचना विभाग को लगेगा कि अन्य देशों को भी इसमें जोड़ना चाहिए तो वहाँ उनको भी जोड़ कर के रोड शो करने की बात किया है।***

मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्च शिक्षा विभाग में लगभग दो हजार चार सौ नये पद सृजित करने पर भी मोहर लगाई गई। बैठक में प्रदेश के इकहत्तर नवनिर्मित और निर्माणाधीन महाविद्यालयों को राजकीय महाविद्यालय के रूप में संचालित करने का फैसला लिया गया। साथ ही बिजनौर जिले में विवेक महाविद्यालय के गठन को भी मंजूरी प्रदान कर दी गई।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि इससे प्रदेश में उच्च शिक्षा के स्तर में सुधार आएगा।

***अब 71 तो सीधे सीधे प्राचार्य के पद और लगभग 1136 सहायक आचार्य के पद और लगभग 639 क्लास थ्री और 710 क्लास फोर ये पद सृजित होंगे और रोजगार के अवसर इन लोगों को मिलेंगे।***

इसके अलावा महाकुंभ के आयोजन के लिए गृह विभाग की दो सौ अतिरिक्त वाहनों की मांग को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है। साथ ही चित्रकूट में आठ सौ मेगा वाट का सोलर पॉवर प्लांट लगाने और नोएडा सेक्टर इक्यावन से ग्रेटर नोएडा तक नालेज पार्क मेट्रो प्रोजेक्ट समेत अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। बैठक में नजूल अध्यादेश का प्रस्ताव स्थगित कर दिया गया।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित सात सौ एक वन दरोगाओं को कल लखनऊ में हुए कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र बांटे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े सात वर्षों में सात लाख से अधिक नौजवानों को प्रदेश सरकार में सरकारी नौकरी देने में सफल हुए हैं। उन्होंने भर्ती में महिलाओं के लिए बीस फीसदी के सरकार द्वारा तय किये गये लक्ष्य की याद दिलाते हुए कहा कि सात सौ एक वन दारोगाओं की नियुक्ति में एक सौ चालीस महिलाओं की भर्ती हुई है।

***विगत साढ़े सात वर्ष के अंदर हम 7,00,000 से अधिक नौजवानों को उत्तर प्रदेश सरकार में सरकारी नौकरी देने में सफल हुए। प्रधानमंत्री मोदी जी का ये मिशन था। ये प्रक्रिया पूरी ईमानदारी के साथ पारदर्शी तरीके के साथ संपन्न होनी चाहिए। आज वह प्रक्रिया प्रदेश के अंदर पूरी मजबूती के साथ उतारी जा रही है।***

नियुक्ति पत्र पाने वाले युवक और युवतियों ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया का हर चरण निष्पक्ष तरीके से पूरा किया गया है। लखनऊ की अर्चना यादव ने नियुक्ति पत्र मिलने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया।

***इस भर्ती प्रक्रिया में हमें हर एक स्टेज पे निष्पक्षता और पारदर्शिता महसूस हुई और रिटेन एग्जाम से लेकर फिजिकल मेडिकल और आज नियुक्ति पत्र देने तक हर एक स्टेज पे बहुत ही निष्पक्ष तरीके से ये प्रक्रिया पूर्ण कराई गई है। इसके लिए मैं समस्त प्रशासन और माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करती हूं।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के एक स्कूल स्थित वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर में कल विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के पच्चीसवें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद इक्यावन की भावनाओं को विश्व शांति और सुरक्षा के लिए प्रेरक बताया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

**********

प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने लखनऊ से दुधवा तक हेलीकाप्टर सेवा शुरू करने की तैयारी की है। यह पच्चीस नवम्बर से शुरू होगी। लखनऊ से दुधवा सड़क मार्ग से जाने में साढ़े चार घंटे का समय लगता है। वहीं हेली सर्विस शुरू होने ये यह समय घट कर एक घंटे हो जाएगा। यह हेलिकाप्टर सेवा लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पलिया राजकीय हवाई पट्टी तक होगी।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कल वाराणसी के काशी विश्वनाथ ज्ञानवापी प्रबंधन समिति और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को नोटिस जारी किया। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने ज्ञानवापी में वुजूखाने के एएसआई द्वारा किए गए सर्वेक्षण पर प्रतिवादी पक्ष से दो हफ्ते में जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई सत्रह दिसंबर को होगी।

**********

आज पुलिस झंडा दिवस मनाया जा रहा है। प्रदेश पुलिस बल और पीएसी बल को आज ही के दिन उन्नीस सौ बावन में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया संदेश में उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी कर्तव्यनिष्ठ कार्मिकों और उनके परिजनों को पुलिस झंडा दिवस की हार्दिक शुभकमानाएं दी हैं।

**********

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन गोरखपुर के पंडित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय सभागार में कल से शुरू हो गया। परिषद के निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने अधिवेशन के पहले दिन संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष पूरे देश में पचपन लाख बारह हजार चार सौ सत्तर सदस्यता हुई है।

**********

पचपनवें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में कल शाम कार्निवल परेड का आयोजन हुआ जिसमें सैकडों कलाकार ढोल नंगाड़ों के साथ शामिल हुए। परेड के साथ–साथ कंदील प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें गोआ के भागीदारों ने अपने सुंदर कंदीलों का प्रदर्शन किया। कंदील प्रतियोगिता के एक जज कालीदास.एस ने आकाशवाणी को बताया कि यह कंदील पर्यावरण के अनुकूल सामग्री जूट, कागज और नारियल रेशे से बनाये गए थे।

**********